दिनांक 23.08.2023
प्रेस विज्ञप्ति 25/2023

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

मा0 मुख्यमंत्री जी से प्रान्तीय पुलिस सेवा संवर्ग उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा की गयी शिष्टाचार भेंट

आज दिनांक 23.08.2023 को मा0 मुख्यमंत्री जी से प्रान्तीय पुलिस सेवा संवर्ग उ0प्र0 के नव गठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा शिष्टाचार भेंट की गयी।

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रान्तीय पुलिस सेवा संवर्ग उ0प्र0 के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा की गई कि रिजल्ट ओरियेन्टेड पुलिसिंग में पीपीएस अधिकारी अपना सक्रिय योगदान देगें।

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा पुलिस द्वारा किये गये कार्यो की सराहना करते हुए अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियानो को जारी रखने व जनसुनवाई को और संवेदनशील ढंग से सम्पादित करने के भी निर्देश पीपीएस अधिकारियों को दिये गये।

पीपीएस एसोसिएशन द्वारा वार्षिक बैठक में मा0 मुख्यमंत्री जी को आमंत्रित्त किया गया। मा0 मुख्यमंत्री जी ने आश्वासन दिया कि एसोसिएशन के सशक्तिकरण के लिए हर सम्भव प्रयास किये जायेगे।

इस अवसर पर प्रान्तीय पुलिस सेवा संवर्ग के अध्यक्ष श्री शशि शेखर सिंह, उपाध्यक्ष श्री पूर्णेन्दु सिंह, महासचिव श्री संजय कुमार, कोषाधिकारी श्री विनय चन्द्रा, सचिव श्री धर्मेश शाही सहित अन्य पीपीएस अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 से प्रान्तीय पुलिस सेवा संवर्ग उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा की गयी औपचारिक भेंट

आज दिनांक 23.08.2023 को श्री विजय कुमार, पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 से पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर विस्तार में प्रान्तीय पुलिस सेवा संवर्ग उ0प्र0 के पदाधिकारियों द्वारा औपचारिक भेंट की गयी।

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 महोदय द्वारा प्रान्तीय पुलिस सेवा संवर्ग उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गयी तथा उन्हे शीघ्र ही कैडर की समस्याओं के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण हेतु कहा गया।

इस अवसर पर प्रान्तीय पुलिस सेवा संवर्ग के अध्यक्ष श्री शशि शेखर सिंह, उपाध्यक्ष श्री पूर्णेन्दु सिंह, महासचिव श्री संजय कुमार, कोषाधिकारी श्री विनय चन्द्रा, सचिव श्री अनिरूद्ध सिंह, श्री धर्मेश शाही सहित अन्य पीपीएस अधिकारी उपस्थित रहे।